**Need for exemption of toll tax on national highways for Olympic medal winners, Arjun awardees and Dronacharya awardees-Laid**

**श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच) :** देश का गौरव बढ़ाने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी जिन्होंने एशियन या ओलंपिक खेलों में पदक प्राप्त करके देश का मान बढ़ाया है उन्हें सरकार द्वारा रेल यात्रा व हवाई यात्रा में छूट प्रदान की गई है । खिलाड़ियों के सम्मान में सरकार का यह अच्छा प्रयास है, परंतु राष्ट्रीय राजमार्ग में टोल टैक्स में ऐसे खिलाड़ियों को छूट प्राप्त नहीं है । अतः सरकार से निवेदन है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एशियन या ओलंपिक खेलों में पदक प्राप्त खिलाड़ी एवं अर्जुन अवार्डी खिलाड़ी तथा द्रोण अवार्डी कोच इन सब को नेशनल हाइवे टोल टैक्स में छूट प्रदान की जाए । देशभर के खिलाड़ियों के लिए सरकार का यह अच्छा प्रयास होगा ।